# पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0
## (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

दूरभाषः 0131–2620765
फैक्सः 0131–2620765
ई–मेलः seedcmzn@gmail.com
सिन नं0:U31200UP2003SGC027458

राष्ट्र हित में बिजली बचाये

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
मुजफफरनगर।


पत्रांकः 7111 / वि.वि.मं.प्र.–मु.नगर / कैम्प दिनांकः 20.11.2021

विषयः– <u>विज्ञापन सामग्री प्रकाशित करने के सम्बन्ध मे।</u>

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक अमर ऊजाला,
मेरठ।

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक जागरण,
मेरठ।

महोदय,

आपके प्रतिष्ठित दैनिक / साप्ताहिक समाचार पत्र के एक अंक में आपके यहॉ उपलब्ध छोटे से छोटे टाईप (8 से 10 प्वांइट) और कम से कम स्थान में(एक कालॅम साईजं) मे तुरन्त / दिनांक 21.11.2021 को प्रकाशनार्थ संलग्न विज्ञापन प्रेषित किया जा रहा है। हेडिंग और नीचे के नाम व पते में भी थोडा बडा टाईप लगायें तथा नाम व पता एक ही लाईन मे छापें। विज्ञापन पर निगम का मोनोग्राम (Isq.cm) एवं सबसे नीचे इस आदेश की संख्या व दिनांक भी छोटे से छोटे टाईप मे अवश्य प्रकाशित करें। इन निर्देशों के विपरित छपे विज्ञापनों के बीजको में आवश्यक कटौती करने के लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, बाध्य होगा।

1 विज्ञापन शुल्क का बिल तीन प्रतियों में अग्रिम प्राप्ति रसीद के साथ जिस अंक में उक्त विज्ञापन प्रकाशित हुआ हो, उसकी दो वाउचर प्रतियों सहित निरीक्षण एवं सत्यापन हेतु सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित किया जाना चाहिए।

2 संलग्न हिन्दी / अंग्रेजी विज्ञापन का प्रकाशन हिन्दी भाषा में ही किया जाये। अंग्रेजी भाषा में संलग्न सामग्री का प्रकाशन हिन्दी भाषा में अनुवाद के पश्चात् ही करें, जिसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देय नही होगा।

3 विज्ञापन प्रकाशित होते ही प्रकाशित अंक की एक प्रति / कतरन सीधे अधोहस्ताक्षरी को पुष्टि हेतु अवश्य प्रेषित कर दी जाये। इसके अभाव में सम्बन्धित बीजक का भुगतान सम्भव न होगा।

4 प्रत्येक पत्र व्यवहार में इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक का उल्लेख करें।

5 टेन्डर / सूचना इत्यादि उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद निगम की पूर्वानुमति के बिना कदापि प्रकाशित न करें।

6. विज्ञापन के अन्त में छोटे से छोटे टाईप में **'राष्ट्र हित में बिजली बचायें'** का नारा तथा विद्युत चोरी का हेल्प लाईन नम्बर अवश्य दें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
मुजफ्फरनगर

पत्रांकः / (एक) / तद्दिनांक

प्रतिलिपि उपरोक्त संलग्नको सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जनसम्पर्क अधिकारी, कार्यालय प्रबन्ध निदेशक प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।
2. मुख्य क्षेत्रीय अभियन्ता, (वाणि0) प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ।
3. मुख्य क्षेत्रीय अभियन्ता, सहारनपुर क्षेत्र, सहारनपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता, विधुत वितरण खण्ड–प्रथम / द्वितीय, मु0नगर।
5. नोटिस बोर्ड।

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
मुजफ्फरनगर

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित ई–निविदाएं सम्बन्धित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु प्रस्तावित कार्य बाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराने का कार्य। उक्त ई–निविदाओं का प्रथम एवं द्वितीय भाग www.etender.up.nic.in पर दिनांक 06.12.2021 को 12:00 बजे तक भरा जा सकता है। निविदा विशिष्टीकरण एवं अन्य नियम व शर्तें www.etender.up.nic.in/www.pvvnl.org पर देखे। अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये ई–निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकारी होगा एवं स्वयं को अपडेट रखने के लिये उपरोक्त वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहना चाहिए।

1:–ई–निविदा संख्या 56/2021–22:– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम/द्वितीय, मुजफ्फरनगर के अधीनस्थ विद्युत वितरण उपखण्ड–प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ, मुजफ्फरनगर के कार्य क्षेत्रान्तर्गत O&M मद में सिंगल फेज आई0डी0एफ0 मीटरों को नेय विभागीय मीटर से बदलकर उपभोक्ता के परिसर के बाहर स्थापित व अन्य सम्बन्धित कार्य करना। धरोहर राशि रू. 13000.00

2:–ई–निविदा संख्या 57/2021–22:– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम/द्वितीय, मुजफ्फरनगर के अधीनस्थ विद्युत वितरण उपखण्ड–प्रथम/द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ, मुजफ्फरनगर के कार्य क्षेत्रान्तर्गत O&M मद में निजी नलकूप(LMV-5) के उपभोक्ताओं के संयोजनों पर विभागीय 3 फेज 4 वायर(10–60) एम्पी0 मीटर(भण्डार से प्राप्त कर) स्थापित कर मीटर्ड करने हेतु अनमीटर्ड उपभोक्ताओं पर मीटर स्थापित करने का कार्य। धरोहर राशि रू. 70000.00

नोट:– प्रति ई–निविदा का निविदा शुल्क रू.3540.00 है

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–प्रथम
मुजफ्फरनगर